आईआईएम रांची में डेटा लोकलाइजेशन व प्राइवेसी राइट पर चर्चा, मुख्य स्पीकर डेनियल कास्त्रो बोले-

बेहतर डेटा का अर्थ है बेहतर निर्णय, आज का डेटा तेजी से घरों, शहरों, लोगों व इंडस्ट्री को बदल रहा

GUEST LECTURE

सिटी रिपोर्टर . रांची

आईआईएम रांची में गुरुवार को यूएस कॉन्सुलेट जेनरल कोलकाता की ओर से डेटा लोकलाइजेशन व प्राइवेसी राइट पर एक सेशन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डेटा स्थानीयकरण और गोपनीयता अधिकारों पर चर्चा हुई। मुख्य स्पीकर डेनियल कास्त्रो ने डिजिटल इनोवेशन की पांच तरंगों मेनफ्रेम इकोनोमी, नेटवर्क इकोनोमी, इंटरनेट इकोनोमी, डेटा इकोनोमी, एल्गोरिदम इकॉनामी के बारे में बताते हुए डिजीटल इनोवेशन के अगले लहर के बारे में बताया। इन्होंने कहा कि बेहतर डेटा का अर्थ है बेहतर निर्णय।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विकास की गति को बढ़ावा दे रही

डेनियल कास्त्रो ने कहा कि वर्तमान समय में डेटा तेजी से लोगों, घरों, शहरों, इंडस्ट्री को बदल रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विकास की गति को बढ़ावा दे रही है। इससे देश की इकोनॉमी में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी से स्मार्ट सिटी के साथ-साथ ही स्वास्थ्य, खेती, पशुपालन आदि क्षेत्रों के विकास में भी सहयोगी है। इसके अलावा, उन्होंने एक संगठन में मानव तत्व के महत्व पर प्रकाश डाला।

ये रहे मौजूद

क्रिश दास ने यूएस कॉन्सुलेट कोलकाता व विषय के बारे में जानकारी दी। आयोजन में मुख्य स्पीकर के तौर पर इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन, आईटीआईएफ के वाइस प्रेसिडेंट डेनियल कास्त्रो, असिस्टेंट पब्लिक अफेयर्स ऑफिसर यूएस कॉन्सुलेट कोलकाता क्रिश दास, पब्लिक अफेयर्स स्पेशलिस्ट एसएस अजीम, आईआईएम रांची के डॉयरेक्टर डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रो. आनंद, प्रो. अर्नब अधिकारी, प्रो. केएन सिंह, प्रो. असित मोहापात्रा आदि मौजूद रहे।

Dainik Bhaskar,01.11.2019, Pg. 01(supl.)